Statement

Grade-wise import of coal during 1991-92 and 1992-93 is detailed below:—

Val: in Rs. lakhs
Qty: in tonnes

	(Coal Variety)	1991-92		1992-93	
	Article description	Qty.	Val.	Qty.	Val.
1.	Anthracite Coal	1560	214.60	1196	184.14
2.	Coking Coal	5272144	89839.64	6324700	128384.32
3.	Steam Coal	—	—	125128	1735.90
4.	Other Coal	2534	11.29	42570	633.61
5.	Peat W/N COMPRESSED INTO BALS BUT Not Agglomerated	—	—	22	1.06
6.	Peat Agglomerated (Peat Briquettes)	—	—	255	13.17
7.	Coke and Semi Coke of Lignite or of Peat	—	—	10399	319.72
8.	Other Cokes of Coal	1651017	13575.89	236188	7040.10

(SOURCE: DGCI&S, Calcutta)

The main sources of imports are Australia, China, Newzealand. Indonesia, Singapore, Bhutan, USSR, Japan, Mayanmar, UK, Norway, German F. Rep., USA, Ireland, Israel, Poland.

दार्जिलिंग चाय का उपभोग के लिए अयोग्य होना

710. **श्री विठ्ठलराव माधवराव जाधव:** क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि एक जर्मन संस्था ने यह घोषणा की है कि दार्जिलिंग चाय उपभोग के लिए अनुपयुक्त है;

(ख) क्या यह भी सच है कि जर्मनी में दार्जिलिंग चाय की बिक्री बन्द कर दी गई है;

(ग) यदि हां, तो दार्जिलिंग चाय के संबंध में तथ्यात्मक स्थिति क्या है; और

(घ) अंतर्राष्ट्रीय बाजार में दार्जिलिंग चाय की बिक्री को बढ़ाने हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाने जा रहे हैं।?

वाणिज्य मंत्री (श्री प्रणव मुखर्जी): (क) चाय बोर्ड को यह सूचना नहीं मिली है। किन्तु, जर्मन प्राधिकारी, जर्मनी को निर्यात की जाने वाली चाय के नमूनों की मौके पर ही जांच कर लेते हैं ताकि यह सुनिश्चित हो जाए कि उन्हें भेजी गई चाय में अधिकतम रसायन मात्रा उनके देश के कानून के अनुसार हो।

(ख) और (ग) जर्मनी दार्जिलिंग चाय के प्रमुख क्रेताओं में एक है। हालांकि जर्मनी को निर्यात की गई कुल चाय में दार्जिलिंग में उत्पादित चाय के हिस्से का पता लगाना संभव नहीं है क्योंकि अधिकांश मामलों में चाय का निर्यात मिश्रित रूप में होता है, फिर भी, विगत तीन वर्षों के दौरान भारत से जर्मनी को चाय के निर्यात में वृद्धि का रुख रहा है जैसाकि नीचे दर्शाया गया है:—

वर्ष	निर्यात (मात्रा मि०कि०ग्रा० में)
1991	5.11
1992 (अनुमानित)	5.13
1993*	7.34

* निर्यात के लिए जारी पोत लदान लाइसेंसों के आंकड़ों से सम्बद्ध

(घ) विदेश में दार्जिलिंग चाय के विपणन को बढ़ाने के उद्देश्य से चाय बोर्ड ने शुद्ध दार्जिलिंग चाय की पहचान के रूप में दार्जिलिंग लोगों को बढ़ावा दिया है। चाय बोर्ड के विदेश स्थित कार्यालय, सम्भावित आयातकों के साथ नियमित सम्पर्क के जरिए 100% दार्जिलिंग चाय वाले ब्रांडों में दार्जिलिंग लोगों का उपयोग करने के लिए अनेक महत्वपूर्ण पैकेट निर्माताओं को राजी करने में सफल हुए हैं।